ब न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बरही, हजारीबाग

दाखिल खारिज अपील वाद संख्या 18/2020

दर्शन साव –बनाम–राज्य

तारिख	–ःआदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षरः–	अभियुक्ति
	आवेदक दर्शन साव पिता स्व0 रूपु साव ग्राम बेन्दुवारा, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग ने आवेदन समर्पित किया है कि मौजा कमलवार, थाना चौपारण, थाना नं0 39, जिला हजारीबाग के अन्तर्गत खाता नं0 11, प्लॉट नं0 637, रकबा 32 डी0 भूमि बिक्रेता मसो0 पार्वती एवं मसो0 तिलकी से क्रय की गयी है, प्रश्नगत भूमि की दाखिल खारिज हेतु आवेदिका द्वारा अंचल अधिकारी, चौपारण में ऑनलांईन आवेदन समर्पित किया गया था जिसके आलोक में दाखिल खारिज वाद सं0 935R27/2019-20 द्वारा अंचल अधिकारी, चौपारण ने दाखिल खारिज को अस्वीकृत कर दिया। आवेदक द्वारा अंचल अधिकारी, चौपारण द्वारा पारित आदेश को रद्द करते हुए दाखिल खारिज की स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है। अंचल अधिकारी द्वारा अस्वीकृति का कारण हल्का कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक के जांच प्रतिवेदनानुसार नामांतरण आवेदन अस्वीकृत किया जाता है। आवेदक आवश्यक दस्तावेजों एवं संशोधन के साथ पुनः आवेदन करें। इस कार्यालय के पत्रांक 213, दिनांक 26.11.2020 द्वारा प्रश्नगत भूमि से संबंधित जांच प्रतिवेदन अंचल अधिकारी चौपारण से की गयी थी जिसके आलोक में अंचल अधिकारी के पत्रांक 1193, दिनांक 19.12.2020 द्वारा प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा कमलवार, थाना चौपारण, थाना नं0 39, जिला हजारीबाग के अन्तर्गत खाता नं0 11, प्लॉट नं0 637, रकबा 32 डी0 रैयती खाते की भूमि है। प्रश्नगत भूमि आवेदक को विक्रय पत्र केवाला द्वारा हासिल है। जांच हेतु प्रश्नगत भूमि से संबंधित मूल दस्तावेज की मांग की गयी लेकिन आवेदन द्वारा दस्तावेज समर्पित नहीं किया गया तत्पश्चात नामांतरण आवेदन नामांतरण आवेदन अस्वीकृत किया गया है। अतएव दर्शन साव पिता स्व0 रूपु साव ग्राम बेन्दुवारा, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग को निदेशित किया जाता है कि प्रश्नगत भूमि से संबंधित मूल दस्तावेज एवं आवश्यक राजस्व कागजात अंचल कार्यालय चौपारण में जमा करना सुनिश्चित करें। अंचल अधिकारी, चौपारण को आदेश दिया जाता है कि आवेदक के प्रश्नगत भूमि पर दखल कब्जा एवं जमा किये गये राजस्व कागजात जाँचोपरांत सही पाया जाता है तो नियमानुसार ऑनलाईन प्रविष्टि करते हुए पंजी–II में प्रश्नगत भूमि की जमाबंदी आवेदक के नाम से खोलते हुए शुद्धि पत्र एवं ऑनलाईन लगान रसीद निर्गत करना सुनिश्चित किया जाय। लेखापित एवं संशोधित Kw 29/01/21 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता बरही, (हजारीबाग) Kw 29/01/21 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता बरही, (हजारीबाग)	

D:\LRDC new\Mutation Appel.docx